आपदा प्रबन्ध का प्रशिक्षण एवं कार्य

उत्तराखण्ड जैसे संवेदनशील राज्यों को दृष्टिगत उत्तराखण्ड राज्य में मंत्रालय का गठन किया गया तथा देहरादून में आपदा प्रबन्धन व न्यूनीकरण केन्द्र स्थापित किया गया साथ ही जन समुदाय तक आपदा प्रबन्धन से सम्बन्धित विषय को पहुँचाने तथा आम व्यक्ति को आपदा से बचाव एवं तैयारी के मध्येनजय गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम द्वारा वित्त पोषित की अपदा जोखिम प्रबन्धन कार्यक्रम परियोजना को भी शुरू किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य लोगों को भावी आपदा के प्रति सजग व तैयार करना है। इस कार्यक्रम के तहत विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम जैसे जागरूकता अभियान, खोज एवं बचाव, प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण, भूकम्प सुरक्षित भवन निर्माण तकनीकी सम्बन्धी प्रशिक्षण, विद्यालय स्तर पर आपदा प्रबन्धन कार्यक्रम आयोजित करने के अलावा विभिन्न स्तरों (ग्राम्य, विकास खण्ड, तहसील, पंचायतों, विद्यालय एवं जनपदों पर आपदा प्रबन्धन कार्य योजना का निर्माण करना भी शामिल हैं। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जिला प्रशासन की कार्य क्षमता में वृद्धि करना है जिससे आपदा के दौरान बेहतर प्रबन्धन आम जनता को सुरक्षित किया जा सके। इसके अतिरिक्त इस कार्यक्रम के मुख्य लक्ष्यों में जनपद स्तर पर आपदा प्रबन्धन कार्य योजना/जिला आपदा आपात नियंत्रण कक्ष की स्थापना तथा तहसील स्तर पर खोज व बचाव के उपकरण जैसे (तकनीकी उपकरण–कैराविनल, मिटन, पिटन, सीटहारनेस, डिसेन्डर, जुमार, लाईट जैकेट, रैपवलिंग तथा क्लाइंबिग रोप, टेप सीलिं तथा गैर तकनीकी उपकरण–सर्च लाईट, फावड़ा, कुदाल, बेलचा इत्यादि तथा इसके अतिरिक्त आपातकालीन स्थिति पर दूरभाष के कार्य न करने पर बेहतर कार्य करने हेतु जनपद को सैटेलाईट फोन भी उपलब्ध कराये गये हैं।

जनपद में आपदा प्रबन्ध की एक समिति गठित की गई है। समिति के 31 सदस्यों को आपदा प्रबन्धन का प्रशिक्षण दिया गया। अन्य 192 अधिकारियों को भी प्रशिक्षित किया गया है। जनपद में आपदा प्रबन्धन की एक कार्य योजना बना ली गई है। आपदा प्रबन्धन के अन्तर्गत 600 शिक्षकों में से 563 शिक्षकों को प्रशिक्षण से प्रशिक्षित किया गया। आपदा प्रबन्ध में भूकम्प सुरक्षित भवन निर्माण तकनीकी पर 40 अभियन्ताओं को प्रशिक्षित किया गया है। प्रत्येक विकास खण्ड में भी एक–एक आपदा

प्रबन्ध समिति का गठन किया गया है जिसमें 157 सदस्यों को प्रशिक्षित किया गया है। अन्य सदस्यों में 396 सदस्यों को प्रशिक्षित किया गया है। आपदा प्रबन्ध दल के 201 सदस्यों को खोज एवं बचावों तथा प्राथमिक चिकित्सा में प्रशिक्षित किया गया है साथ ही 132 ग्राम पंचायत सदस्यों को भी प्रशिक्षण दिया गया जिनमें 25 महिला प्रतिभागी भी सम्मिलित हैं।

ग्राम्य स्तर पर 558 स्वंय सेवकों को प्रशिक्षित किया गया। विभिन्न विकास खण्ड स्तर पर 369 राज मिस्त्रियों को आयोजित कार्यशाला के माध्यम से भूकम्प सुरक्षित भवन निर्माण तकनीकी में प्रशिक्षित किया गया है।

216 ग्राम पंचायतों में भी आपदा प्रबन्ध समितियों का गठन कर प्रशिक्षण कार्यक्रम द्वारा 2070 प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया गया जिसमें 591 महिलायें प्रतिभागी हैं।

पंचायत स्तर पर गठित आपदा प्रबन्धन दल के 1502 सदस्यों को प्राथमिक चिकित्सा तथा खोज एवं बचाव हेतु प्रशिक्षित किया गया जिसके कुल अन्र्तांक्षेपक्ष दल का गठन किया गया जिसके कुल 2560 सदस्यों को विभिन्न प्रशिक्षणों में आपदाओं से लड़ने हेतु प्रशिक्षित किया गया है। जबकि नगरीय क्षेत्रों में नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत स्तर पर भी समितियों का गठन कर 98 लोगों को प्रशिक्षित किया गया जिससे वे किसी आपदा के समय बेहतर प्रबन्ध कर सकें।

संख्या–182/XXII/2005–52 सूचना/2006

प्रेषक,
एम0 रामचन्द्रन,
मुख्य सचिव,
उत्तरांचल शासन।

जिलाधिकारी
पिथौरागढ़

सेवा में,
समस्त जिलाधिकारी,
उत्तरांचल।

सूचना अनुभाग।

देहरादून : दिनांक [illegible] 2006

विषय:– स्वतंत्रता दिवस समारोह–2006 के सम्बंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि हमारे देश के गौरवशाली इतिहास, त्याग और बलिदान की याद दिलाने वाला 59वां स्वाधीनता दिवस समारोह इस वर्ष भी परम्परागत रूप से सादगी के साथ मनाया जाएगा।

2– आपकी सुविधा के लिए कार्यक्रम की रूपरेखा नीचे दी जा रही है, किन्तु यदि आवश्यक समझा जाए, तो व्यवहारिक स्तर पर सुविधानुसार परिवर्तन किया जा सकता है:–

(क) 15 अगस्त को प्रातः 8.00 बजे सरकारी तथा गैर सरकारी भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाए। सचिवालय में राष्ट्रीय ध्वज प्रातः 8.30 बजे फहराया जाएगा।

(ख) राजधानी में स्वतंत्रता दिवस समारोह के अंतर्गत परेड ग्राउण्ड में 9.30 बजे पूर्वाह्नः से राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। राज्य स्तरीय कार्यक्रम की व्यवस्था जिलाधिकारी, देहरादून सुनिश्चित करेंगे, जिसमें माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराना, राष्ट्रीय गान, थल सेना व पुलिस अर्द्धसैनिक बलों समेत होमगार्डों, प्रांतीय रक्षक दल, एन0सी0सी0, स्काउटों आदि की परेड द्वारा सलामी देना, माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा भाषण और राष्ट्रगान शामिल होंगे।

(ग) जिला स्तर पर :–

प्रातः 8.00 बजे जिला स्तर पर इसी प्रकार का समारोह, जिसमें अन्य बातों के साथ–साथ किसी मा0 मंत्री/आयुक्त/जिला मजिस्ट्रेट द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाना, राष्ट्रीय गान बजाया जाना, राज्य पुलिस कार्मिकों, होमगार्डों/एन0सी0सी0 स्काउटों द्वारा सलामी दिया जाना, मा0 मंत्री/आयुक्त/जिला मजिस्ट्रेट द्वारा भाषण दिया जाना, जिसमें 15 अगस्त के महत्व को स्पष्ट किया जाय और श्रोताओं को देश की एकता अखण्डता के प्रति कार्य करने के लिए प्रेरित किया जाए और राष्ट्रीय गान शामिल हो।

(घ) इस अवसर पर राष्ट्रीय एकता, अखण्डता, पंथ निरपेक्षता, सामाजिक समरसता तथा साम्प्रदायिक सौहार्द की भावना को बलवती बनाने की भावना पर जोर दिया जाए। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को सम्मानित किया जाए तथा इस अवसर पर लोगों को एकता प्रदर्शित करने के लिए मानव श्रृंखला बनाने पर भी विचार किया जाए।

(ङ) समस्त शिक्षण संस्थाओं में प्रातः 6.00 बजे प्रभात फेरी का आयोजन तदुपरांत झण्डारोहण व अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। इस अवसर पर ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना चाहिए, जिसमें राष्ट्रगान जन–गण–मन का सामूहिक गायन भी सम्मिलित हो। विद्यार्थियों को संक्षेप में स्वतंत्रता संग्राम का इतिहास बताया जाय एवं शहीदों सहित देश भक्तों के जीवन के प्रेरक प्रसंग दोहराये जाएं, जिससे राष्ट्रीय चेतना विकसित हो। नाटक, विचार–गोष्ठी, वाद–विवाद, प्रर्दशनी तथा निबन्ध–लेखन की प्रतियोगिताएं भी यथासम्भव आयोजित कराई जाएं। इस सम्बंध में शिक्षा निदेशक यथोचित आदेश अलग से जारी करेंगे। यह ध्यान रखा जाए कि विद्यार्थियों विशेष रूप से छोटे बच्चों को काफी अधिक समय खड़ा रखने से उनमें बैचेनी तथा मूर्छा आदि की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। अतः यह सुनिश्चित किया जाए कि विद्यार्थियों

... छोटे बच्चों के बैठने की समुचित व्यवस्था हो और उन्हें अधिक समय तक किसी विशेष को सम्पन्न कराते समय अनावश्यक रूप से खड़ा न रखा जाए, ताकि किसी की असुविधा छात्रों एवम् बच्चों को न हो।

(च) स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर खेलकूद की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएं। इस सम्बंध में शासन के खेलकूद विभाग/खेल निदेशालय द्वारा विस्तृत निर्देश अलग से जारी किए जाएंगे।

(छ) प्रत्येक जनपद तहसीलों, ब्लॉक कार्यालयों, पंचायतों व ग्राम-ग्राम में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किए जाए। इसे जन आन्दोलन का रूप देते हुए जन-जन की सहभागिता प्राप्त करते हुए सफल बनाया जाए।

3— अपरान्ह में किसी सार्वजनिक स्थान पर जनसभा का आयोजन किया जाए, जिसमें:-

(क) विशेष रूप से यह याद दिलाने की चेष्टा की जाए कि हमारे अगणित देश भक्तों तथा अमर बलिदानों ने जीवन भर संघर्ष करके जो स्वाधीनता हासिल की थी, उसकी रक्षा करते हुए आर्थिक व सामाजिक स्वाधीनता लाने का दायित्व नई पीढ़ी पर है।

(ख) राष्ट्रीय स्वाभिमान और गौरव के प्रतीक तिरंगे झण्डे के महत्व के बारे में जन-साधारण को बताया जाए।

(ग) पंथनिरपेक्षता की मूल अवधारणाओं पर प्रकाश डालते हुए लोगों को प्रेरणा दी जाए कि देश और समाज का निर्माण प्रेम तथा सद्भावना से होता है, घृणा से नहीं, मेल-जोल से होता है, वैर से नहीं, एक-दूसरे के आदर से होता है, अनादर से नहीं।

4— 15 अगस्त, 2006 को ब्लॉक, तहसील तथा जनपद स्तर से होने वाले कार्यक्रमों पर अधिकतम लोगों को सम्मिलित करने के लिए प्रेरित किया जाये। श्रेयस्कर होगा, यदि इन समारोहों का आयोजन उन्हीं स्थानों पर किया जाय, जहां सन् 1947 में स्वाधीनता के बाद जन-समुदाय ने आह्लादित एवं रोमांचित होकर यह उत्सव मनाया गया था।

5— सूचना विभाग द्वारा अस्थाई राजधानी देहरादून में प्रमुख चौराहों पर लाउडस्पीकर लगवाकर देशप्रेम व देश भक्ति के गीतों का दिनांक 14-08-2006 सांयकाल तीन घण्टे का प्रसारण कार्यक्रम किया जाय।

6— पंचायत राज अधिनियम के उद्देश्यों तथा कार्य योजनाओं से जन-साधारण को अवगत कराते हुए बताया जाये कि पंचायत राज व्यवस्था, ग्रामीण विकास तथा ग्राम स्वराज के नए द्वार प्रशस्त करेगी। ग्रामीण पंचायतों को पूर्ण स्वायत्ता और स्वावलम्बन देने के लिए ठोस निर्णय लिये गए हैं। पंचायती राज व्यवस्था के अंतर्गत स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् पहली बार सत्ता के विकेन्द्रीकरण का क्रांतिकारी कदम उठाया गया है, जो गांव-वासियों के जीवन में आमूल-चूल परिवर्तन करेगा और ग्रामीण क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास के नये युग का सूत्रपात करेगा। इसकी जानकारी देते समय बताया जाये कि अब गांवों के विकास में नागरिकों की, मुख्यतः महिलाओं तथा निर्बल वर्ग के सदस्यों की निर्णायक भूमिका होगी।

7— बढ़ते हुए प्रदूषण तथा जनसंख्या-विस्फोट ने हमारी विकास यात्रा को बहुत दुष्प्रभावित किया है। सुखी भविष्य के लिए परिवार कल्याण तथा स्वच्छ पर्यावरण की आवश्यकता को रेखांकित किया जाए।

8— दलित, शोषित तथा पिछड़े वर्ग के कल्याण सम्बंधी शासन की प्रतिबद्धताओं, सामाजिक विकास के लिए किए जा रहे कार्यों तथा विकास सम्बंधी शासन की प्राथमिकताओं से जन-मानस को अवगत कराते हुए उन्हें अपेक्षित योगदान के लिए प्रेरित किया जाय। यह भी बताया जाय कि कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाते हुए स्वच्छ प्रशासन देना वर्तमान सरकार की प्रतिबद्धता है। वर्तमान शासन साम्प्रदायिक सद्भाव तथा सामाजिक समरसता लाने के लिए संकल्पबद्ध तथा समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। इस दिशा में किए गए प्रयासों पर भी इस अवसर पर विशेष रूप से प्रकाश डाला जाए।

9– राज्य मुख्यालय पर, स्वतंत्रता दिवस समारोह के सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन हेतु जिलाधिकारी की अध्यक्षता में एक समिति का गठन कर शिक्षा विभाग, खेलकूद विभाग के जनपदीय अधिकारी, जिला प्रशासन के जनपदीय अधिकारी, पुलिस विभाग एवं संस्कृति विभाग के अधिकारियों द्वारा अपने–अपने विभाग के कार्यक्रमों पर विचार विमर्श कर निर्णय लिया जाय। जिलाधिकारी द्वारा मिनट–टू–मिनट कार्यक्रम निर्धारित कर मुख्य सचिव का अनुमोदन प्राप्त किया जाएगा। कार्यक्रमों में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बैठने की व्यवस्था सुचारू रूप से की जाय।

10– उपरोक्त के अतिरिक्त गरीबी रेखा से नीचे रह रहे लोगों की ओर विशेष ध्यान दिया जाये और निराश्रित महिलाओं, विकलांगों तथा अविकसित बुद्धि के लोगों से सम्बंधित कल्याण कार्यक्रमों, रोजगारपरक योजनाओं, प्रौढ़ शिक्षा आदि पर अधिकतम जनसहभागिता इस आयोजन के माध्यम से प्राप्त की जाए, जिससे ऐसे वर्ग भी कुशल नागरिक के रूप में विकसित होकर अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन करें।

11– स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 14 से 15 अगस्त, 2006 की रात्रि में सरकारी भवनों तथा इमारतों एवं स्वतंत्रता संग्राम के ऐतिहासिक स्मारकों को प्रकाशमान कराया जाए, जिसमें व्यापार मण्डलों, गैर शासकीय संस्थाओं व अन्य संस्थाओं से भी भागीदारी की जाए। देहरादून स्थित भारत सरकार के विभिन्न प्रतिष्ठानों के विभागाध्यक्षों से तद्नुसार अनुरोध कर लिया जाए।

भवदीय,

(एम0 रामचन्द्रन)
मुख्य सचिव।

पृ0प0संख्या–182/XXII/2005–52 सूचना/2006, तद्दिनांकित

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– प्रदेश के समस्त मा0 मंत्रीगण/राज्यमंत्रीगण के निजी सचिवों को मा0 मंत्रीगण के सूचनार्थ
2– समस्त प्रमुख सचिव/सचिव, उत्तरांचल शासन।
3– समस्त मण्डलायुक्त/विभागाध्यक्ष तथा कार्यालयध्यक्ष, उत्तरांचल।
4– समस्त अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक, राजकीय निगम/उपाध्यक्ष, विकास प्राधिकरण, उत्तरांचल।
5– समस्त अध्यक्ष, जिला पंचायत, उत्तरांचल।
6– समस्त अध्यक्ष, नगरपालिका परिषद एवं अध्यक्ष, नगर पंचायत, उत्तरांचल।
7– मुख्य नगर अधिकारी, नगर निगम, देहरादून/समस्त अधिशासी अधिकारी, नगरपालिका परिषद/नगर पंचायत, उत्तरांचल।
8– अधिशासी निदेशक, सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तरांचल।
9– निदेशक/अधिशासी निदेशक शिक्षा/खेल एवं राज्य सम्पत्ति विभाग, उत्तरांचल।
10– सचिवालय प्रशासन (विविध) अनुभाग/सामान्य प्रशासन विभाग, उत्तरांचल।

आज्ञा से,

(डी0के0 कोटिया)
सचिव।

संख्या— 0 / सू0लो0स0 / 2003— सूचना / 2003

प्रेषक,

डा.आर.एस.टोलिया
मुख्य सचिव,
उत्तरांचल शासन।

सेवा में,

समस्त जिलाधिकारी,
उत्तरांचल।

सूचना अनुभाग — देहरादूनः दिनांक 27 सितम्बर, 2003

विषय : 2 अक्टूबर, 2003 को गांधी जयन्ती समारोह मनाये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि पूर्व की भांति इस वर्ष भी 2 अक्टूबर, 2003 को गांधी जयन्ती समारोह सम्मानपूर्वक आयोजित किया जायेगा। इस अवसर पर प्रस्तावित कार्यक्रमों की एक रूपरेखा नीचे दी जा रही है। आप स्थानीय आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए इसमें यथोचित परिवर्तन/परिवर्द्धन करने के लिए सक्षम है और ऐसे अन्य कार्यक्रम भी सम्मिलित कर सकते है जो इस अवसर पर उपयुक्त हो। प्रस्तावित कार्यक्रम निम्नानुसार है :–

(क) सभी राजकीय भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाये।

(ख) सभी कार्यालयों, विद्यालयों और दूसरी संस्थाओं के किसी बडे कक्ष या हाल में किसी वरिष्ठ अधिकारी, प्रधानाचार्य या अध्यक्ष द्वारा प्रातः 8.00 महात्मा गांधी के एक बडे चित्र का अनावरण व माल्यार्पण किया जाये और उसके बाद गांधी जी के जीवन–संघर्ष, उनका देश–सेवा, उनके जीवन–मूल्यों पर प्रकाश डाला जाये। विशेष रूप से निर्बलों के कल्याण सम्बन्धी "अन्त्योदय" की उनकी अवधारणा, भावनात्मक एकता, राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता के सम्बन्ध में उनके विचारों का संक्षेप में परिचय दिया जाये।

(ग) स्कूलों और कालेजों में गांधीवादी जीवन–दृष्टि का प्रचार तथा गांधी जी के जीवन के विभिन्न पहलुओं पर विद्यार्थियों के वाद–विवाद प्रतियोगिता या गोष्ठी आयोजित की जाये, जिसमें जातिगत भेद–भाव से दूर रहकर समाज में समता और समरसता लाने पर बल दिया जाये। मानवधिकारों की सुरक्षा तथा निर्बलों के उत्पीड़न को समाप्त करने के प्रति शासन की प्रतिबद्धता से जन–साधरण को अवगत कराया जाय।

(घ) विभिन्न संस्थाओं एवं कार्यकर्ताओं की सहायता से प्रौढ़ शिक्षा एवं साक्षरता को बढ़ावा देने तथा सामाजिक विषमता के अभिशाप के उन्मूलन के लिए आम जनता का आह्वान किया जाये तथा इन कार्यक्रमों को नयी गति प्रदान की जाये।

(ङ) महिलाओं की उन्नति के लिए गांधी जी द्वारा बताये हुये मार्ग का अनुसरण करने, बालिका–शिक्षा के प्रसार, दहेज–प्रथा की समाप्ति तथा महिलाओं को आर्थिक–सामाजिक क्षेत्र में आगे बढने का अवसर देने के लिए सामाजिक चेतना पैदा की जाये तथा इस निमित्त प्रभावी अभियान चलाया जाये।

2. गाँधी जी के नेतृत्व में चलाये गये स्वाधीनता आन्दोलन, उत्तरांचल में उसके व्यापक प्रभाव, गाँधी जी द्वारा दिये गये रचनात्मक कार्यक्रमों, स्वदेशी आन्दोलन, नमक सत्याग्रह, व्यक्तिगत सत्याग्रह आदि पर प्रकाश डाला जाये।

—क्रमशः—2—

सादा जीवन उच्च विचार", मितव्ययिता, नैतिकता, भाईचारा तथा सर्वधर्म समभाव जैसे आदर्श जीवन मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा दी जाये। उन्हें यह भी समझाया जाये कि देश की कमजोर करने वाली शक्तियों से सावधान रहते हुए, राष्ट्रीय अस्मिता की रक्षा करना उनका पुनीत कर्तव्य है, जिसका संकल्प आज के दिन दोहराया जाना चाहिए।

" पंच निरपेक्षता" की मूल अवधाराणाओं पर प्रकाश डालते हुए, लोगों को प्रेरणा दी जाये कि देश और समाज का निर्माण प्रेम तथा सद्भाव से होता है, घृणा से नहीं, मेलजोल से होता है बैर–भाव से नहीं एक–दूसरे के धर्म का आदर करने से होता है, अनादर से नही ।

सार्वजनिक संस्थाओं तथा गाँधीजी के विचारों में आस्था रखने वाली स्वयंसेवी संस्थाओं की सहायता से रचनात्मक कार्यक्रमों को बढ़ावा देने के साथ ही समरसता, सद्भाव और सहयोग पर आधारित आदर्श समाज की संरचना की आवश्यकता को रेखांकित किया जाये। धर्म, जाति, रंग आदि सभी भेदभावों को मिटाकर सम्प्रदायों के लोगों में पारस्परिक सद्भावना, ऐक्य तथा सहयोग–भाव बढ़ाने वाली चेतना विकसित करने के लिए जन–सहभागिता के आधार पर उचित वातावरण तैयार करने का हर संभव प्रयास किया जाये।

राष्ट्रपिता द्वारा लघु, कुटीर एवं खादी ग्रामोद्योगों के विकास व उन्नयन के संबंध में विशेष प्रयत्न किये गये। उत्तरांचल में ऐसे उद्योगों के महत्व को देखते हुये आमजन को ऐसे उद्योगों की ओर उन्मुख किये जाने हेतु प्रेरित किया जाय। उद्योग विभाग इस संबंध में अलग से कार्यक्रम तैयार कर सकता है।

भवदीय,

(डा. आर.एस.टोलिया)
मुख्य सचिव

संख्या– 101 /2603/एक–2003 तद्दिनांक

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:–

(1) प्रदेश के समस्त मा. मंत्रियों/राज्य मंत्रियों के निजी सचिवो को मा. मंत्रीगण के सूचनार्थ ।
(2) समस्त प्रमुख सचिव/सचिवगण, उत्तरांचल शासन को।
(3) समस्त मण्डलायुक्त, उत्तरांचल ।
(4) श्री राज्यपाल के सचिव ।
(5) विभागाध्यक्षों तथा कार्यालयों के प्रमुख अधिकारियों को ।
(6) समस्त नगर प्रमुख, नगर पालिका एवं अध्यक्ष, जिला पंचायत/नगर पंचायत, उत्तरांचल ।
(7) समस्त मुख्य नगर अधिकारियों, नगरपलिका एवं जिला पंचायत/नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारीगण, उत्तरांचल।
(8) उपाध्यक्षगण, समस्त विकास प्राधिकरण, उत्तरांचल ।
(9) निदेशक, सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग (प्रशासन प्रभाग), उत्तरांचल।
(10) शिक्षा निदेशक, उच्च शिक्षा/शिक्षा निदेशक, उत्तरांचल।
(11) निदेशक, पंचायती राज/निदेशक, समाज कल्याण, उत्तरांचल, देहरादून।
(12) सचिवालय के समस्त अनुभाग/सचिवालय प्रशासन(विविध) अनुभाग को इस आशय से प्रेषित कि गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी विधान भवन में गाँधी जयन्ती समारोह का प्रबन्ध करेंगे।

आज्ञा से,

(अमिताभ श्रीवास्तव)
अपर सचिव

संख्या-1186/XXXI(13)G/2006

प्रेषक,

भास्करानन्द,
अपर सचिव,
उत्तरांचल शासन।

सेवा में,

समस्त जिलाधिकारी,
उत्तरांचल।

वर्ष 2005-06
विभाग 09 AJA
पत्रावली सं० 4:N
फा० नं० ....
रजिस्टर सं० 6730
दिनांक 27.9.06

सामान्य प्रशासन विभाग देहरादून : दिनांक 25 सितम्बर, 2006।

महोदय,

मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि गत वर्ष की भांति दिनांक 02 अक्टूबर, 2006 को राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी जी के चित्र के अनावरण एवं माल्यार्पण किये जाने के साथ-साथ स्व० श्री लाल बहादुर शास्त्री जी के जन्म दिवस होने के कारण उनके चित्र का भी अनावरण एवं माल्यार्पण किया जाना सुनिश्चित किया जाय।

भवदीय,
(भास्करानन्द)
अपर सचिव।

संख्या1186/XXXI(13)G/2006-तद्दिनांकः

प्रतिलिपि निम्नलिखित को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि दिनांक 02 अक्टूबर, 2006 को निर्धारित स्थान एवं समय पर उपस्थित होने का कष्ट करें :-

1— अपर मुख्य सचिव तथा वन एवं ग्राम्य विकास आयुक्त।
2— सचिव, श्री राज्यपाल, उत्तरांचल।
3— समस्त प्रमुख सचिव/सचिव, उत्तरांचल शासन।
4— सचिव, सूचना विभाग को इस आशय से प्रेषित कि पत्र-पत्रिकाओं में उक्त कार्यक्रम के सम्बन्ध में यथा आवश्यक दिशानिर्देश जारी करने का कष्ट करें।
5— स्टाफ आफिसर-मुख्य सचिव को, मुख्य सचिव के संज्ञानार्थ।
6— समस्त अपर सचिव/संयुक्त सचिव/उप सचिव/अनुसचिव, उत्तरांचल शासन।
7— सचिवालय के समस्त अनुभाग।
8— गार्ड फाईल।

आज्ञा से,
(गोविन्द बल्लभ ओली)
संयुक्त सचिव

दिनांक 26–9–2006 को अपरान्ह 4–00बजें से जिला कार्यालय, नैनीताल के सभा कक्ष में गॉधी जयन्ती समारोह (2अक्टूबर–2006) के कार्यक्रमों की रूप–रेखा तैयार किये जाने के सम्बन्ध में हुई बैठक की कार्यवाही

1– प्रातः 06–30 बजे से 07–30 बजें तक प्रभात फेरीः–

समस्त विद्यालयों के छात्र/छात्राओं, राजनैतिक, धार्मिक, सामाजिक संस्थाओं, गणमान्य व्यक्तियो एवं जनसाधारण द्वारा प्रभात फेरी में भाग लिया जायेगा। नैनीताल नगर में प्रभात फेरी मल्लीताल पंडित गोविन्द बल्लभ पन्त जी की प्रतिमा से प्रारम्भ होकर नरसरी स्कूल/माल रोड होते हुए तल्लीताल गॉधी चौक पर समाप्त होगी। प्रभात फेरी में जिलाधिकारी, नैनीताल के साथ सभी अधिकारीगण/गणमान्य व्यक्ति व सामान्य नागरिक भी सम्मिलित होगें। मुख्य विकास अधिकारी अपने स्तर से सभी खण्ड विकास अधिकारियों को ब्लाक स्तर पर तथा परगनाधिकारी, अपने–अपने परगना व तहसील स्तर पर प्रभात फेरी आयोजन हेतु सभी सम्बन्धितों को यथासमय निर्देशित करेंगें तथा जिला सूचना अधिकारी इसका प्रचार–प्रसार करना सुनिश्चित करेंगें। अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद,,नैनीताल गॉधी जी की मूर्ति तथा उसके परिसर की सफेदी/सफाई तथा प्रकाश आदि की व्यवस्था समय से सुनिश्चित करना सुनिश्चित करेंगें। क्षेत्राधिकारी, पुलिस एवं परगनाधिकारी, नैनीताल प्रभात फेरी के समय यातायात व्यवस्था पर पूर्ण नियंत्रण बनाये रखेंगें। सभी अधिकारीगण/कर्मचारीगण प्रभात फेरी में अनिवार्य रूप से भाग लेंगें।

जनपद के अन्य क्षेत्रों तथा हल्द्वानी, रामनगर ,धारी, कौश्या कुटौली में भी उक्तानुसार प्रभात फेरी का आयोजन किया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।

संयोजक– नैनीताल :– जिला शिक्षा अधिकारी, नैनीताल/व्यवस्थापक, गॉधी आश्रम, नैनीताल/प्रधानाचार्य, भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय,नैनीताल/अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, नैनीताल/श्री प्रताप भैया/श्री दुर्गादत्त रूवाली/श्री देब सिंह मेर/श्री किशन लाल साह/श्री मौ0 यूनूस/क्षेत्राधिकरी, पुलिस, नैनीताल/परगनाधिकारी, नैनीताल/नगर शिक्षा अधिकारी, नैनीताल।

हल्द्वानी– प्रधानाचार्य, राजकीय इण्टर, कालेज हल्द्वानी/नगर मजिस्ट्रेट हल्द्वानी/परगनाधिकारी, हल्द्वानी/अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, हल्द्वानी/खण्ड विकास अधिकारी, हल्द्वानी/अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी, नगर पालिकापरिषद हल्द्वानी

रामनगरः– प्रधानाचार्य, राजकीय इण्टर कालेज, रामनगर/परगनाधिकारी, रामनगर/अध्यक्ष/अधिशासी, नगर पालिका परिषद, रामनगर/खण्ड बिकास अधिकारी, रामनगर ।

धारीः– प्रधानाचार्य, राजकीय इण्टर कालेज,पोखराड(धारी)/परगनाधिकारी, धारी/ब्लाक ब्लाक/खण्ड बिकास अधिकारी धारी ।

कौश्या –कुटौलीः– प्रधानाचार्य, राजकीय इण्टर कालेज, कौश्या कुटौली/परगनाधिकारी, कौश्या कुटौली/ सम्बन्धित ब्लाक प्रमुख/खण्ड बिकास अधिकारी ।

भीमतालः– मुख्य विकास अधिकारी , नैनीताल/जिला विकास अधिकारी, नैनीताल/अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत भीमताल ।

2– 08.00 बजे प्रातः सरकारी इमारतों पर झण्डा फहराना व गॉधी जी के चित्र का अनावरण एवं माल्यार्पणः– सभी शासकीय/अर्द्धशासकीय कार्यालय भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जायेगा । इस अवसर पर सभी दुकानों में भी राष्ट्रीय झण्डा मर्यादानुसार फहराया जायेगा तथा सजावट का कार्य किया जायेगा। सभी कार्यालयों, विद्यालयों, संस्थाओं एवं सार्वजनिक भवनों आदि में एक बड़े कमरे में गॉधी जी के एक बड़े चित्र का विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष/वरिष्ठ अधिकारी, प्रधानाचार्य या अध्यक्ष द्वारा अनावरण एवं माल्यार्पण किया जायेगा। इस अवसर पर स्व0 श्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयन्ती भी होने के कारण सभी संस्थानों/ विभागों में महात्मा गॉधी जी के चित्र के साथ में स्व0 लाल बहादुर शास्त्री जी का चित्र भी लगायेंगे तथा माल्यार्पण कर उनका

नरण किया जायेगा और इसके बाद गांधी जी के जीवन, कार्यो एवं राष्ट्रीय भावनात्मक एकता तथा उनकी विचारधारा आदि पर प्रकाश डाला जायेगा।

कलेक्ट्रेट, नैनीताल में प्रातः 08:00 बजें गीत एवं नाटक प्रभाग, नैनीताल एवं प्रधानाचार्या, भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय,तल्लीताल, नैनीताल के छात्र /छात्राओं द्वारा वैष्णों जन तथा रघुपति राघव राजा राम भजन का गायन किया जायेग। सहायक निदेशक, गीत एवं नाटक प्रभाग, नैनीताल एवं प्रधानाचार्य, उक्त समय पर अपने अधीनस्थ स्टाफ/बच्चों को गायन हेतु जिला कार्यालय, नैनीताल में भिजवाना सुनिश्चित करेंगे।

जिला सूचना अधिकारी उक्त का व्यापक प्रचार– प्रसार करवायेगें तथा अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, नैनीताल माईक से इसका व्यापक–प्रचार करेंगें ।

संयोजकः— 1– समस्त विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष/संस्थाध्यक्ष।
2– स्कूलों/ कालेजों में जिला शिक्षा अधिकारी, नैनीताल ।

3– 09–00 बजे से 12–30 बजे तक महात्मा गाँधी जी की मूर्ति का माल्यार्पण सफाई अभियानः–

तल्लीताल गाँधी चौक में जिलाधिकारी, नैनीताल/गणमान्य व्यक्तियों/सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों, नैनीताल में स्थित कार्यालय के अधिकारीगण एवं नागरिकगणों द्वारा मूर्ति का माल्यार्पण का कार्यक्रम किया जायेगा। माल्यार्पण स्थल पर उपस्थित सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि/गणमान्य व्यक्ति/अधिकारी व नागरिकगणों द्वारा छः टौलियों में तल्लीताल–मल्लीताल में अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, नैनीताल द्वारा चिन्हित छः (6) स्थानों में/क्षेत्रों में सफाई अभियान चलाकर सफाई कार्यक्रम किया जायेगा। माल्यार्पण के तुरन्त बाद यह सफाई कार्यक्रम प्रारम्भ कर दिया जायेगा ।

4– 12.00 बजे हसे 2.00 बजे तक राष्ट्रीय औद्योगिक व्यावसायिक प्रशिक्षण संस्थान कैन्ट तल्लीतला, नैनीताल में गाँधी जयन्ती कार्यक्रमः–

राष्ट्रीय औद्योगिक व्यावसायिक प्रशिक्षण संस्थान कैन्ट, तल्लीताल, नैनीताल (आचार्य नरेन्द्र देव व्यवसायिक प्रशिक्षण संस्थान के अन्तर्गत सचालित) में भी बिगत वर्षो की भाँति इस वर्ष भी गाँधी जयन्ती के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। गीत एवं नाटक प्रभाग, नैनीताल की टोली कलक्ट्रेट कार्यालय में कार्यक्रम के समापन के पश्चात् उक्त संस्थान में अपने कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाने हेतु जायेगी। 12बजे से 2 बजे दोपहर के बीच जिलाधिकारी, नैनीताल द्वारा उक्त संस्थान में कार्यक्रमों का शुभारम्भ किया जायेगा। इन समस्त कार्यक्रमों का आयोजन श्री चन्दन सिंह अधिकारी, व्यवस्थापक, राष्ट्रीय औद्योगिक व्यवसायिक प्रशिक्षण संस्थान, कैन्ट नैनीताल होगें।इसी संस्थान में गाँधी जी पर एक चित्र प्रदर्शनी/एक फिल्म दिखाने की व्यवस्था की जायेगी। तथा गाँधी जी पर एक हैंण्ड पम्प लेट भी तैयार कर बॅटवाने तथा समाचार पत्रों में इसका व्यापक प्रचार–प्रसार किया जायेगा। जिला सूचना अधिकारी/ क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी, नैनीताल, श्री चन्दन सिंह अधिकारी से इस सम्बन्ध में वार्ता करके इसे सुनिश्चित करायेगें।

संयोजकः— श्री चन्दन सिंह अधिकारी /जिला सूचना अधिकारी/क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी,नैनीताल

5— 12.00 बजे से 2.00 बजे तक वाद–विवाद प्रतियोगिता/विचार गोष्ठी /चरखा कताई आदि

जिला शिक्षा अधिकारी, नैनीताल सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्यो को निर्देशित करेंगे कि वह अपने–अपने विद्यालय में महात्मा गाँधी जी के व्यक्तित्व व कृतत्व पर वाद– विवाद प्रतियोगिता का आयोजन करायेगें तथा प्रतियोगिता में सफल छात्र–छात्राओं को पुरस्कृत भी करेंगें। इसके अतिरिक्त गाँधी जी के सिद्धान्तों ,प्रौढ शिक्षा तथा ग्रामीण विकास योजनओं, साक्षरता को बढावा, सामाजिक विषमताओं के अभिशाप के उन्मूलन के लिये आह्वहान, महिलाओं की उन्नति के लिये गाँधी जी,ऐडी

बताये गये मार्ग, दहेज प्रथा समाप्त करने तथा शिक्षा व्यवस्था में गुणात्मक सुधार के लिये सामाजिक चेतन पैदा किया जाना आदि विन्दुओं के सम्बन्ध में विचार गोष्ठी भी आयोजित की जायेगी।

विभिन्न संस्थाओं एवं कार्यकर्ताओ की सहायता से विचार गोष्ठीयों में उपरोक्त सभी बिन्दुओं के साथ–साथ सादा जीवन उच्च विचार, स्वालम्बन, मितव्ययिता, नैतिकता, भाईचारा तथा सर्वधर्म सद्भाव जैसे आदर्श जीवन मूल्यों तथा पंथ निरपेक्षता की मूल अवधारणाओं पर प्रकाश डालतें हुवे लोगों को प्रेरणा दी जाये कि देश और समाज का निर्माण प्रेम तथा सद्भाव से होता हैं, धृणा से नहीं, मेल जोल से होता हैं, बैर भाव से नही तथा एक दूसरे का आदर करने से होता हैं, अनादर से नही। गाँवों के विकास कार्यक्रमों में गाँवों के नागरिकों की, मुख्यतः महिलाओं, निर्बल वर्ग के सदस्यों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक होगी। पंचायतों सार्वजनिक संस्थाओं, कार्यकर्ताओं तथा गाँधी जी के विचारों में विश्वास रखने वाली अन्य संस्थओं की सहायता, से साक्षरता को बढावा देने व छुआछूत की विभीषिका को दूर करने का प्रयास किया जाय। धर्म, जाति, रंग आदि सभी भेदभावों को मिटाकर भावनात्मक एकता स्थापित करने का प्रयत्न होना चाहिये। सभी धर्मो और सम्प्रदाय के लोग भारत के नागरिक हैं और उनमें पारस्परिक सद्भावना और एकता से ही राष्ट्र उन्नति कर सकता हैं, इस पर भी प्रकाश डाला जाय।

जनपद के सभी गाँधी आश्रमों में चरखा कताई का आयोजन प्रबन्धक, गाँधी आश्रम द्वारा, आयोजित किया जायेगा। नैनीताल में व्यवस्थापक, गाँधी आश्रम, नैनीताल, मल्लीताल में चरखा पंडाल लगाने की व्यवस्था करेंगें, जिसमें जिलाधिकारी, नैनीताल भी चरखा कताई में सम्मिलित होंगें।प्रबन्धक, गाँधी आश्रम, नैनीताल चरखा कताई कार्यक्रम के आयोजन के समय से जिलाधिकारी, नैनीताल को यथासमय अवगत करायेंगें।

अधिशासी अधिकारी एवं स्वास्थ्य अधिकारी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, नैनीताल शहर के गन्दगी वाले स्थानों का चयन कर एक अभियान दिनांक <u>1 अक्टूबर 2006</u> से सप्ताह भर तक चलाकर सफाई अभियान आयोजित करायेगें। इसमें तल्लीताल डॉठ से नया बाजार, नैनीताल क्लब, नैनीताल एवं उच्च न्यायालय परिसर, नैनीताल आदि क्षेत्र की सफाई अभियान में सम्मिलित किया जाय।

<u>संयोजक— नैनीताल—</u> परगनाधिकारी, नैनीताल / प्रबन्धक, गाँधी आश्रम, नैनीताल / जिला शिक्षा अधिकारी, नैनीताल / जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, नैनीताल / सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्य / जिला सूचना अधिकारी, नैनीताल / क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी, नैनीताल ।

<u>हल्द्वानीः—</u> उप जिला मजिस्ट्रेट, हल्द्वानी / अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, हल्द्वानी

<u>भीमतालः—</u> मुख्य विकास अधिकारी, नैनीताल / जिला विकास अधिकारी, नैनीताल / अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका, भीमताल

<u>6— अपरान्ह 2.00 बजे हसे 4.00 बजे तक जलूस तथा झॉकीः—</u>

जिला मुख्यालय पर आम जलूस गाँधी जी के डोले के साथ तल्लीताल पेट्रोल पम्प से तल्लीताल से होकर मल्लीताल में विसर्जित होगा। इस हेतु अधिशासी अधिकारी, नगरपालिका परिषद, नैनीताल रूपया 3,000.00 तथा सचिव, झील विकास प्राधिकरण, नैनीताल रूपया– 2,000.00 कुल मिलाकर रूपया– 5,000--00 की धनराशि प्रबन्धक, गाँधी आश्रम, नैनीताल को समय से पूर्व उपलब्ध करा देगें। इसके अतिरिक्त परगनाधिकारी, नैनीताल अपने स्तर से तीन झाँकिया बनावाकर इस जूलस में निकालेंगें। जिला शिक्षा अधिकारी, नैनीताल सभी विद्यालयों / कालेजों के प्रधानाचार्यो को निर्देशित करेंगें कि वे गाँधी जी की भव्य झॉकिया जलूस में लायेगें । सभी झॉकियों में उत्कृष्ट झॉकी को पुरस्कृत किया जायेगा। प्रबन्धक, गाँधी आश्रम, नैनीताल गाँधी जी के डोले हेतु समस्त व्यवस्थायें तथा बच्चों में मिष्ठान वितरण एवं पुरस्कार की व्यवस्था उक्त धनराशि से ही सुनिश्चित करेंगें। झॉकियों के जलूस के समय वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, नैनीताल जलूस मार्ग पर यातायात नियन्त्रित किये जाने हेतु समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।अधिशासी अधिकारी, नगरपालिका, परिषद, नैनीताल तथा सचिव, झील विकास प्राधिकरण, नैनीताल यह सुनिश्चित कर लें कि प्रबन्धक, गाँधी आश्रम, नैनीताल को भुगतान में कोई विलम्ब न हो। जिलाधिकारी, नैनीताल द्वारा 2.00 बजे हरी झण्डी दिखाकर जलूस का शुभारम्भ किया जायेगा ।

संयोजक:— अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, नैनीताल/सचिव, झील विकास प्राधिकरण, नैनीताल/व्यवस्थापक, गॉधी आश्रम, नैनीताल/जिला शिक्षा अधिकारी, नैनीताल/परगनाधिकारी, नैनीताल/क्षेत्राधिकारी, पुलिस , नैनीताल/ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,नैनीताल/ श्री प्रताप भैया/श्री दुर्गादत्त रूवाली/श्री देब सिंह मेर/श्री किशन लाल साह/श्री मौ0 युनुस/श्रीमती मंजू कोटलिया, एडवो0, जिला कांग्रेस महिला, संगठन/कु0सुषमा जोशी, एडवो0 सदस्य उपभोक्ता फोरम, नैनीताल

7— सांय 4—00बजे से 6—00बजे तक आम सभाओं का आयोजन:—

जिला तहसील तथा ब्लाक मुख्यालयों पर आम सभाओं का आयोजन किया जायेगा।जिला मुख्यालय में उक्त आयोजन के सम्बन्ध में बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने अवगत् कराया हैं कि 2—अक्टूबर गॉधी जयन्ती के दिन दशहरा/दुर्गा पूजा होने के कारण उक्त विभागाध्यक्ष/संयोजक अपने सुविधानुसार कार्यक्रम आयोजित करेंगें।

संयोजक:— अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, नैनीताल/अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, नैनीताल /परगनाधिकारी, नैनीताल/श्री प्रताप भैया/श्री देवी दत्त सांगुडी/श्री देब सिंह मेर/श्री दुर्गादत्त रूवाली/श्री किशन लाल साह/श्री मौ0 युनुस/श्री चन्दन सिंह अधिकारी।

8— अन्य कार्यक्रम :—

इस अवसर पर जनपद, नैनीताल के अन्य सभी नगर पालिकाओं/नगर पंचायतें/ब्लाकों/तहसीलों में भी विशेष सफाई अभियान चलाया जायेगा।

संयोजक:—अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी, नगरपालिका परिषद/नगर पंचायत/खण्ड विकास अधिकारी/तहसीलदार ।

9— 2अक्टूबर, 2006 को पूज्य बाबू जी के जन्म दिवस पर नशा एवं नशीले पदार्थो के दुरूपयोग के निवारण हेतु एवं धूम्रपान/मद्य निषेद्य हेतु नाटक, व्यंग प्रदर्शन एवं खादी का प्रचार आदि कार्यक्रमों का आयोजन सभी सम्बन्धित संगठनों द्वारा किया जायेगा।इस दिन सभी शराब की दुकाने बन्द रहेगी तथा अनुचित रूप से विक्रय की जाने वाली शराब पर भी पूर्ण नियंत्रण रखा जायेगा। जिला आबकारी अधिकारी, नैनीताल, परगनाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, पुलिस उक्त दिवस को पूर्ण रूपेण शराब की दुकानों को बन्द रखा सुनिश्चित करेंगें तथा सभी थानाध्यक्षों का यह व्यक्तिगत दायित्व होगा।

संयोजक:— जिला आबकारी अधिकारी, नैनीताल/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,नैनीताल /उप जिला मजिस्ट्रेट /क्षेत्राधिकारी, पुलिस/थानाध्यक्ष/राजस्व पुलिस क्षेत्र में नायब तहसीलदार/पटवारी

10— पार्कों का लोकार्पण/सफाई अभियान—

मल्लीताल स्थित आर्य समाज के निकट नवनिर्मित दीन दयाल पार्क का लोकार्पण समाज सेवी श्री [illegible] लाल कंसल द्वारा किया जायेगा।तथा भारत रत्न पंडित गोविन्द बल्लभ पन्त जी की मूर्ति के पास स्थित पार्क को गोद लिये जाने वाले बिद्यालय का पार्क में बोर्ड लगाया जायेगा। तथा इसके अतिरिक्त अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, नैनीताल शहर में मलिन बस्तियों में विशेष सफाई अभियान चलायेंगे।

संयोजक— सचिव, झील विकास प्राधिकरण/अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका/उप जिलाधिकारी, नैनीताल /तहसीलदार, नैनीताल ।

अन्त में सधन्यवाद बैठक का समापन किया जायेगा।

(राकेश कुमार)
जिलाधिकारी, नैनीताल।

कार्यालय जिलाधिकारी, नैनीताल

संख्या– 27 /15–ए0जे0ए0/ 2006– दिनांक– 27 सितम्बर 2006

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

1– उक्त सभी सम्बन्धित गणमान्य व्यक्ति/अधिकारीगण।
2– ज्येष्ठ पुलिस अधीक्षक, नैनीताल/मुख्य बिकास अधिकारी ।
3– जिला सूचना अधिकारी, नैनीताल/क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी, भारत सरकार, नैनीताल।
4– समस्त परगनाधिकारीगण/क्षेत्राधिकारी, पुलिस/तहसीलदार/खण्ड बिकास अधिकारी–जनपद– नैनीताल।
5– अधिशासी अभियन्ता, राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण खण्ड,काशीपुर
6– समस्त विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष, जनपद– नैनीताल ।
7– समस्त अधिशासी अधिकारी, स्थानीय निकाय, जनपद– नैनीताल।
8– निदेशक, गीत व नाटक प्रभाग, नैनीताल ।
8– प्रभारी अधिकारी, नाजरात, जिला कार्यालय, नैनीताल को इस आशय से प्रेषित कि वे 2अक्टूबर– 2005 से पूर्व कलैक्ट्रेट, नैनीताल के परिसर की सफाई व्यवस्था करवाना तथा एक जीप प्रातः 6.30बजे /7–00बजे गीत एवं नाटक प्रभाग, नैनीताल के कार्यकर्ताओं /भारतीय शहीद सैनिक बिद्यालय तल्लीताल,(नैनीताल) के बच्चों को भजन गायन हेतु कलक्ट्रेट कार्यालय, नैनीताल में लाने व कार्यक्रम समापन के पश्चात् उन्हें छोडने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। इससे एक दिन पूर्व उनसे वार्ता भी कर लेवें।

(राकेश कुमार)
जिलाधिकारी, नैनीताल

उत्तरांचल पर्यटन विकास परिषद
पटेलनगर देहरादून।

संख्या-2577/2–8–1/2006–07 देहरादून : दिनांक 9 अक्टूबर, 2006

–कार्यालय आदेश–

शासनादेश संख्या–617/VI/2005–51 (पर्य0)/2003 दिनांक 3 जून, 2006 द्वारा राजस्व की आयोजनागत योजनाओं पर व्यय करने हेतु स्वीकृत रू0 1320.00 लाख की धनराशि में से मेले एवं त्योहारों को अनुदान की मद में निर्धारित बजट फांट की धनराशि में से रू0 141.05 लाख (रू0 एक करोड़ इकतालीस लाख पाँच हजार मात्र) की धनराशि को विभिन्न मेले/त्यौहारों के आयोजन हेतु संलग्न सूची के कालम संख्या–4 पर इंगित अधिकारियों को उपलब्ध कराई जायेगी। उक्त धनराशि उत्तरांचल पर्यटन विकास परिषद के पंजाब नेशनल बैंक, हिन्दू नेशनल इण्टर कालेज देहरादून के खाता संख्या–3908000100079933 में जमा धनराशि में से भुगतान करने की स्वीकृति एतद्द्वारा प्रदान की जाती है ।

2– उक्त स्वीकृत धनराशि इस प्रतिबन्ध के साथ स्वीकृत की जाती है कि मितव्ययी मदों में आवंटित सीमा तक ही व्यय सीमित रखा जाय। यहाँ यह भी स्पष्ट किया जाता है कि धनराशि आवंटन किसी ऐसे व्यय को करने का अधिकार नहीं देता, जिसे व्यय करने के लिये बजट मैनुअल या वित्तीय हस्त पुस्तिका के नियमों या अन्य आदेशों के अधीन व्यय करने के पूर्व सक्षम अधिकारी की स्वीकृति प्राप्त करना आवश्यक है। ऐसा व्यय सम्बन्धित की स्वीकृति प्राप्त करके ही किया जाना चाहिये। व्यय में मितव्ययता नितान्त आवश्यक है। व्यय करते समय मितव्यता के सम्बन्ध में समय–समय पर जारी किये गये शासनादेशों में निहित निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

3– संलग्न सूची में वर्णित मेले/महोत्सवों हेतु अतिरिक्त अनुदान धनराशि स्वीकृत नहीं की जा सकेगी इसलिये मेला आयोजन समितियों को स्पष्ट किया जाता है कि वह अपना व्यय तदनुसार ही नियोजित करें।

4– पूर्णागिरी मेला, चम्पावत हेतु नगर पालिका परिषद टनकपुर को भी अनुदान स्वीकृत करने के संबन्ध में जिलाधिकारी चम्पावत अपने पत्र–913/पर्य0 सहा0/2006 दिनांक 19–6–2006 के अनुसार अपने स्तर से कार्यवाही करें।

5– उपरोक्त वर्णित मेले/महोत्सवों हेतु स्वीकृत की जा रही धनराशि सम्बन्धित अधिकारी मेला समिति को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे तथा स्वीकृत धनराशि का पूर्ण उपयोग और उपयोगिता प्रमाण–पत्र, वित्तीय /भौतिक प्रगति का विवरण यथासमय इस कार्यालय तथा शासन को उपलब्ध करायेंगे।

6– मेले एवं त्यौहारों हेतु उपलब्ध कराई जा रही धनराशि का सदुपयोग सुनिश्चित किया जाय तथा उपयोगिता प्रमाण–पत्र शासन तथा परिषद मुख्यालय को उपलब्ध कराया जाय। आगामी वर्ष की धनराशि तब ही अवमुक्त की जायेगी। जब उक्त मेलों का उपयोगिता प्रमाण–पत्र वित्तीय वर्ष की समाप्ति के एक माह के अन्दर शासन/परिषद मुख्यालय को उपलब्ध करा दिया जायेगा।

7–स्वीकृत की जा रही धनराशि का व्यय उन्हीं मदों में किया जायेगा जिसके लिये यह स्वीकृत किया जा रहा है।

(आलोक कुमार जैन)
मुख्य कार्यकारी अधिकारी

क्रमशः–2

2/(1)/समदिनांकित

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– महालेखाकार, लेखा एवं हकदारी, उत्तरांचल, देहरादून।
2– समस्त जिलाधिकारी, उत्तरांचल। नैनीताल
3– समस्त जिला पर्यटन विकास अधिकारी उत्तरांचल ।
4– प्रधानाचार्य, राजकीय होटल मैनेजमेन्ट एवं कैटरिंग संस्थान, देहरादून/अल्मोड़ा।
5– आहरण वितरण अधिकारी, मुख्यालय ।
6– प्रबन्धक, पंजाब नेशनल बैंक, हिन्दु नेशनल इण्टरकालेज शाखा, देहरादून ।
7– वित्त नियंत्रक, मुख्यालय ।
8– योजना अनुभाग, मुख्यालय/आदेश पंजिका ।

(ए0के0द्विवेदी)
संयुक्त निदेशक पर्यटन।

Office Orders

.8 हेतु अनुदान स्वीकृत किये जाने हेतु कार्यालय आदेश संख्या- 257 -07 दिनांक सितम्बर, 2008 की संलग्न सूची

	मेले एवं त्यौहार का नाम	वित्तीय वर्ष 2006—07 हेतु स्वीकृत अनुदान की धनराशि	अधिकारी जिन्हें अनुदान धनराशि उपलब्ध कराई जानी हैं
1	2	3	4
जनपद चम्पावत			
1	देवीधूरा मेला,चम्पावत	300000	जिलाधिकारी चम्पावत
2	पूर्णागिरी मेला,चम्पावत	1500000	जिलाधिकारी चम्पावत
3	शरदोत्सव लोहाघाट, चम्पावत	100000	जिलाधिकारी चम्पावत
4	स्व0 हर्षदेव औली महोत्सव, खेतीखान	25000	जिलाधिकारी चम्पावत
5	देवीधार मेला, लोहाघाट	10000	जिलाधिकारी चम्पावत
	योग	1935000	
जनपद—पिथौरागढ़			
1	कुटी कैलाश मेला,पिथौरागढ़	10000	जिलाधिकारी पिथौरागढ़
2	दारिमादांलू मेला, पिथौरागढ़	10000	जिलाधिकारी पिथौरागढ़
3	डुंडाधार मेला, पिथौरागढ़	10000	जिलाधिकारी पिथौरागढ़
4	मनमहेश मेला, माजिरकांडा पिथौरागढ़	15000	जिलाधिकारी पिथौरागढ़
5	शरदोत्सव पिथोरागढ़	500000	जिलाधिकारी पिथौरागढ़
6	शरदोत्सव डीडीहाट, पिथौरागढ़	30000	जिलाधिकारी पिथौरागढ़
7	जौलजीबी मेला, पिथौरागढ़	30000	जिलाधिकारी पिथौरागढ़
8	दुम्मर मेला, पिथौरागढ़	20000	जिलाधिकारी पिथौरागढ़
9	शिवरात्री मेला धारचूला पिथोरागढ़	10000	जिलाधिकारी पिथौरागढ़
10	छोलिया महोत्सव	10000	जिलाधिकारी पिथौरागढ़
11	थल मेला	10000	जिलाधिकारी पिथौरागढ़
12	सीमांत बरपटिया जनजाति महोत्सव, मुनस्यारी	100000	जिलाधिकारी पिथौरागढ़
13	दुर्गामेला, दरकोट, मनस्यारी	50000	जिलाधिकारी पिथौरागढ़
14	गंगावली महोत्सव गंगोलीहाट	100000	जिलाधिकारी पिथौरागढ़
	योग	905000	
जनपद—अल्मोड़ा			
1	नन्दादेवी मेला,अल्मोड़ा	50000	जिलाधिकारी अल्मोड़ा
2	जागेश्वर मेला,अल्मोड़ा	100000	जिलाधिकारी अल्मोड़ा
3	स्यालदेह मेला द्वाराहाट, अल्मोड़ा	25000	जिलाधिकारी अल्मोड़ा
4	नन्दादेवी मेला,रानीखेत अल्मोड़ा	15000	जिलाधिकारी अल्मोड़ा
5	फूड फेस्टेबल, अल्मोड़ा	30000	प्रधानाचार्य रा0इ0का0एवं फै0सं0अल्मोड़ा
6	सोमनाथ मेला, मासी	100000	जिलाधिकारी अल्मोड़ा
7	शरदोत्सव अल्मोड़ा	200000	जिलाधिकारी अल्मोड़ा
8	कुमाऊ महोत्सव	500000	जिलाधिकारी अल्मोड़ा
	योग	1020000	
जनपद—बागेश्वर			
1	बागेश्वर मेला, बागेश्वर	1000000	जिलाधिकारी बागेश्वर
	योग	1000000	

	[illegible]देवी मेला, नैनीताल	[illegible]	जिलाधिकारी [illegible]
	[illegible]रियाली देवी मेला,भीमताल, नैनीताल		
[illegible]	गर्जियामेला रामनगर, नैनीताल		
4	कैंचीमेला रातीघाट, नैनीताल		
5	छोटा कैलाश मेला, भीमताल, नैनीताल		
6	रानीबाग मेला, नैनीताल	10000	जिलाधिकारी नैनीताल
7	होली महोत्सव, नैनीताल	40000	जिलाधिकारी नैनीताल
8	नैनीताल महोत्सव	1100000	जिलाधिकारी नैनीताल
	योग	1305000	

जनपद–उधमसिंहनगर

1	चैतीमेला काशीपुर, उधमसिंहनगर	25000	जिलाधिकारी उधमसिंह नगर
2	अटरिया मेला, रूद्रपुर,उधमसिंहनगर	25000	जिलाधिकारी उधमसिंह नगर
3	दीपायली मेला, नानकमत्ता	100000	जिलाधिकारी उधमसिंह नगर
4	थारू महोत्सव, खटीमा	30000	जिलाधिकारी उधमसिंह नगर
5	शहीद उधमसिंह महोत्सव, रूद्रपुर	100000	जिलाधिकारी उधमसिंह नगर
	योग	280000	

जनपद–पौड़ी

1	दुर्गादेवी मेला बुड़ोली, पौड़ी	10000	जिलाधिकारी पौड़ी
2	भरतनगर मेला, कोटद्वार पौड़ी	10000	जिलाधिकारी पौड़ी
3	सिद्धबली मेला, कोटद्वार पौड़ी	10000	जिलाधिकारी पौड़ी
4	भुवनेश्वरी मेला, पौड़ी	10000	जिलाधिकारी पौड़ी
5	शरदोत्सव ,पौड़ी	100000	जिलाधिकारी पौड़ी
6	बैकुण्ठ चतुर्दशी मेला, श्रीनगर,पौड़ी	300000	जिलाधिकारी पौड़ी
7	कण्वाश्रम मेला, कोटद्वार पौड़ी	10000	जिलाधिकारी पौड़ी
8	ताड़केश्वर महादेव मेला,दुगड्डा,पौड़ी	20000	जिलाधिकारी पौड़ी
9	डांडामंडी मेला, पौड़ी	10000	जिलाधिकारी पौड़ी
10	थल नदी मेला, पौड़ी	20000	जिलाधिकारी पौड़ी
11	बिन्सर मेला, पौड़ी	10000	जिलाधिकारी पौड़ी
12	[illegible] मेला, पौड़ी	10000	जिलाधिकारी पौड़ी
13	खिर्सू घंडियाल मेला, पौड़ी	10000	जिलाधिकारी पौड़ी
14	गुण्डेनेश्वर मेला काल्जीखाल, पौड़ी	10000	जिलाधिकारी पौड़ी
15	कुटेश्वर(धारकोट) मेला,यमकेश्वर, पौड़ी	10000	जिलाधिकारी पौड़ी
16	एकेश्वर महादेव मेला, पौड़ी	10000	जिलाधिकारी पौड़ी
17	शरदोत्सव कोटद्वार, पौड़ी	25000	जिलाधिकारी पौड़ी
18	शहीद चन्द्रशेखर आजाद स्मृति मेला, दुगड्डा, पौड़ी	50000	जिलाधिकारी पौड़ी
19	ताराकुण्ड महोत्सव, पौड़ी	25000	जिलाधिकारी पौड़ी
20	गुजड़ूगढ़ी मेला, पौड़ी	15000	जिलाधिकारी पौड़ी
21	ग्रीष्मोत्सव, पौड़ी	300000	जिलाधिकारी पौड़ी
22	निरांकार देवता मेला, नैनीडांडा, पौड़ी	25000	जिलाधिकारी पौड़ी
23	शरदोत्सव खिर्सू	100000	जिलाधिकारी पौड़ी
24	वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली मेला, पौड़ी	50000	जिलाधिकारी पौड़ी
25	शरदोत्सव, लैन्सडाउन पौड़ी	25000	जिलाधिकारी पौड़ी
26	जय दुर्गा महोत्सव, अदाली खाल	100000	जिलाधिकारी पौड़ी

	..कास महोत्सव, लैन्सडाऊन	50000	जिलाधिकारी पौड़ी
	..त्सव	500000	जिलाधिकारी पौड़ी
	योग	1825000	
	..रूद्रप्रयाग		
	महाकवि कालीदास मेला,कविल्ठा, रूद्रप्रयाग	20000	जिलाधिकारी रूद्रप्रयाग
2	बैशाखी मेला अगस्तमुनि, रूद्रप्रयाग	100000	जिलाधिकारी रूद्रप्रयाग
3	पर्तागणिया मेला, रूद्रप्रयाग	10000	जिलाधिकारी रूद्रप्रयाग
4	बधानीताल पर्यटन विकास मेला, रूद्रप्रयाग	10000	जिलाधिकारी रूद्रप्रयाग
5	हरियाली देवी मेला, रूद्रप्रयाग	100000	जिलाधिकारी रूद्रप्रयाग
6	देवरियाताल, महोत्सव	70000	जिलाधिकारी रूद्रप्रयाग
7	त्रिजुगीनारायण मेला,	50000	जिलाधिकारी रूद्रप्रयाग
8	रूद्रनाथ शरदोत्सव/शरदोत्सव रूद्रप्रयाग	500000	जिलाधिकारी रूद्रप्रयाग
9	मन्दाकिनी शरदोत्सव मेला अगस्त्यमुनी	100000	जिलाधिकारी रूद्रप्रयाग
10	जाख मेला, देवशाल वणसू, गुप्तकाशी	50000	जिलाधिकारी रूद्रप्रयाग
11	सूर्यप्रयाग मेला, सुमाड़ी भरदार, रूद्रप्रयाग	75000	जिलाधिकारी रूद्रप्रयाग
	योग	1085000	
	जनपद–चमोली		
1	नंदादेवी मेला लाता,जोशीमठ चमोली	10000	जिलाधिकारी चमोली
2	आदि बद्री मेला, चमोली	10000	जिलाधिकारी चमोली
3	[illegible] मेला, चमोली	30000	जिलाधिकारी चमोली
4	श्री [illegible] मेला [illegible], चमोली नौटी.	10000	जिलाधिकारी चमोली
5	श्री नंदादेवी मेला,नौटी चमोली	10000	जिलाधिकारी चमोली
6	झलताल–सूखाताल पर्यटन विकास मेला,चमोली	10000	जिलाधिकारी चमोली
7	शरदोत्सव जोशीमठ चमोली	110000	जिलाधिकारी चमोली
8	[illegible] मेला, चमोली	100000	जिलाधिकारी चमोली
9	[illegible], चमोली	75000	जिलाधिकारी चमोली
10	अनुसूया देवी मेला, चमोली	10000	जिलाधिकारी चमोली
11	रूपकुण्ड महोत्सव, चमोली	100000	जिलाधिकारी चमोली
12	श्री विंध्यवासिनी मेला,देवताल नारायणकोटी, चमोली	10000	जिलाधिकारी चमोली
13	शिवरात्रि मेला, घाट चमोली	10000	जिलाधिकारी चमोली
14	शरदोत्सव कर्णप्रयाग चमोली	10000	जिलाधिकारी चमोली
15	बण्ड विकास मेला पीपलकोटी	25000	जिलाधिकारी चमोली
16	काश्तकार मेला ग्वालदम	10000	जिलाधिकारी चमोली
17	नंदासैण मेला, चमोली	15000	जिलाधिकारी चमोली
18	धार्मिक एवं पौराणिक मेला भिरग, जोशीमठ	10000	जिलाधिकारी चमोली
19	महामृत्युंजय श्रावणी मेला असेड सिमली	50000	जिलाधिकारी चमोली
20	देवागणा सप्तकुण्ड मेला, इराणी झींझी	10000	जिलाधिकारी चमोली
21	काश्तकार पर्यटन मेला पोखरी	250000	जिलाधिकारी चमोली
22	वीर सैनिक ग्राम गौरव समारोह, थराली/ शहीद भवनी दत्त जोशी स्मृति मेला थराली	150000	जिलाधिकारी चमोली
23	बैशाखी मेला नन्दप्रयाग, चमोली	30000	जिलाधिकारी चमोली
24	नंदादेवी मेला कुरूड़	25000	जिलाधिकारी चमोली
25	बैशाखी मेला, बड़ागाँव जोशीमठ	50000	जिलाधिकारी चमोली

	देवी शोभा यात्रा, हरमनी	50000	जिलाधिकारी च[illegible]
	[illegible]मी नारायण पर्यटन एवं सांस्कृतिक मेला, [illegible]मोली कर्णप्रयाग	50000	जिलाधिकारी चमो[illegible]
	नन्दा देवी मेला सिलंगी, कर्णप्रयाग	[illegible]	[illegible]
	योग	1280000	

जनपद–देहरादून

1	शरदोत्सव मसूरी, देहरादून	500000	जिलाधिकारी देहरादून
2	विनोग हिल मेला मसूरी, देहरादून	10000	जिलाधिकारी देहरादून
3	भदराज मेला,मसूरी, देहरादून	10000	जिलाधिकारी देहरादून
4	जनजागरण उत्सव इप्टा,मसूरी, देहरादून	10000	जिलाधिकारी देहरादून
5	सन्तला देवी मेला,देहरादून	10000	जिलाधिकारी देहरादून
6	बिस्सू का मेला,चकराता देहरादून	10000	जिलाधिकारी देहरादून
7	चन्द्रबनी मेला गौतमकुण्ड , देहरादून	100000	जिलाधिकारी देहरादून
8	लाखामण्डल वीर का मेला, देहरादून	10000	जिलाधिकारी देहरादून
9	लक्ष्मणसिद्ध शिवरात्रि मेला, देहरादून	20000	जिलाधिकारी देहरादून
10	महासू मेला, हनोल, देहरादून	25000	जिलाधिकारी देहरादून
11	लखवाड़ मेला, देहरादून	10000	जिलाधिकारी देहरादून
12	टपकेश्वर मेला, देहरादून	10000	जिलाधिकारी देहरादून
13	शिवरात्रि मेला केदारपुरम देहरादून	10000	जिलाधिकारी देहरादून
14	फूडफैस्टीवल, देहरादून	50000	प्रधानाचार्य रा०हो०मै०एवं कै०सं० देहरादून
15	विरासत महोत्सव	750000	जिलाधिकारी देहरादून
16	सांस्कृतिक महोत्सव [illegible] संस्था मसूरी	15000	[illegible] देहरादून
17	[illegible]	50000	[illegible] देहरादून
	योग	1600000	

जनपद–उत्तरकाशी

1	[illegible] उत्तरकाशी	20000	[illegible] उत्तरकाशी
2	[illegible] मेला [illegible] उत्तरकाशी	10000	[illegible] उत्तरकाशी
3	रवाई शरदोत्सव विकास मेला, पुरोला, उत्तरकाशी	10000	जिलाधिकारी उत्तरकाशी
4	[illegible] उत्तरकाशी	100000	[illegible] उत्तरकाशी
5	[illegible] उत्तरकाशी	10000	[illegible] उत्तरकाशी
6	नागराजा मेला, रैथल, गमरी, उत्तरकाशी	10000	जिलाधिकारी उत्तरकाशी
7	दिनेश स्मृति मेला	10000	जिलाधिकारी उत्तरकाशी
8	कुण्डेश्वर मेला, चिन्यालीसौड़	10000	जिलाधिकारी उत्तरकाशी
	योग	180000	

जनपद–टिहरी–गढ़वाल

1	स्व0 गब्बरसिंह शहीदमेला, चम्बा टिहरी	10000	जिलाधिकारी टिहरी
2	बसाखी मेला, देवप्रयाग टिहरी	10000	जिलाधिकारी टिहरी
3	भदराज मेला त्याड़ा जौनपुर टिहरी	10000	जिलाधिकारी टिहरी
4	भवानी देवी मेला शकलाना टिहरी	10000	जिलाधिकारी टिहरी
5	चन्द्रबदनी सिद्धपीठ मेला, टिहरी	100000	जिलाधिकारी टिहरी
6	चौंदपर्यात मेला, टिहरी	10000	जिलाधिकारी टिहरी
7	शरदोत्सव, नई टिहरी	100000	जिलाधिकारी टिहरी
8	चाका कोटेश्वर पर्यटन विकास मेला टिहरी	25000	जिलाधिकारी टिहरी
9	नैनबाग मेला, जौनपुर, टिहरी	10000	जिलाधिकारी टिहरी

	चमी मेला,देवप्रयाग टिहरी	10000	जिलाधिकारी टिहरी
	लिंग मेला धत्तू टिहरी	20000	जिलाधिकारी टिहरी
	सुरकण्डा देवी मेला, टिहरी	10000	जिलाधिकारी टिहरी
13	कुंजापुरी मेला, टिहरी	150000	जिलाधिकारी टिहरी
14	डुण्डेश्वर महादेव मेला, कीर्तिनगर टिहरी	50000	जिलाधिकारी टिहरी
15	जौनपुर मेला थत्युड़ टिहरी	10000	जिलाधिकारी टिहरी
16	शहीद मोलू भरदारी–नागेन्द्र सकलानी स्मृति मेला कीर्तिनगर	50000	जिलाधिकारी टिहरी
17	किसान मेला बुढाकेदार	10000	जिलाधिकारी टिहरी
18	वीर शिरोमणी माधो सिंह भण्डारी स्मृति मेला	80000	जिलाधिकारी टिहरी
19	पर्यटक मेला, घोपड़धार भिलंग	50000	जिलाधिकारी टिहरी
20	कावण पदयात्रा मेला, पट्टी भरपूर देवप्रयाग	50000	जिलाधिकारी टिहरी
21	फेणेश्वर मेला, भिलंगना	10000	जिलाधिकारी टिहरी
22	श्री बालगंगा विकास मेला घनसाली	50000	जिलाधिकारी टिहरी
23	गंगा देशहरा मेला, ग्यारह गॉव हिन्दाव भिलंगना	50000	जिलाधिकारी टिहरी
24	बैशाखी विकास मेला, छाम कन्डीसौड, थौलधार	200000	जिलाधिकारी टिहरी
	योग	1085000	
जनपद हरिद्वार			
1	पिरान कलियर उर्स, हरिद्वार	275000	जिलाधिकारी हरिद्वार
2	श्रावण कावड मेला	100000	जिलाधिकारी हरिद्वार
3	हरिद्वार महोत्सव	100000	जिलाधिकारी हरिद्वार
4	आयुर्वेद महोत्सव	100000	जिलाधिकारी हरिद्वार
5	ट्रेड फेयर रूडकी	20000	जिलाधिकारी हरिद्वार
6	जटाशंकर महादेव शिवरात्रि मेला	10000	जिलाधिकारी हरिद्वार
	योग	605000	
	कुल योग	14105000	

(रू0 एक करोड़ इक्तालीस लाख पॉच हजार मात्र)

उत्तरांचल पर्यटन विकास परिषद,

3/3, इण्डस्ट्रीयल एरिया, पटेलनगर,
देहरादून।

संख्या–2641 /कैश बाउचर/2006 देहरादून:दिनांक 13 अक्टूबर ,2006

सेवा में,
जिलाधिकारी,
नैनीताल।

विषय– वित्तीय वर्ष 2006–07 में मेले एवं त्यौहारों को अनुदान का भुगतान।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषय से संबन्धित इस कार्यालय के कार्यालय आदेश संख्या–2577/2–8–1/2006–07 दिनांक 09–10–2006 अवलोकन करने का कष्ट करें। उक्त कार्यालय आदेश द्वारा जनपद नैनीताल के मेले एवं त्यौहारों के आयोजन हेतु स्वीकृत अनुदान धनराशि रू0 13,05,000/– (रू0 तैरह लाख पाँच हजार मात्र) का भुगतान आपको चैक संख्या–TGA-435166 दि0 13–10–2006 द्वारा संलग्न कर प्रेषित किया जा रहा है।

कृपया संलग्न चैक की प्राप्ति रसीद अभिलेख हेतु इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

संलग्नक–उक्तवत।

भवदीय,

(आर0सी0 रोमताल)
वित्त नियन्त्रक।